प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

# चिरेका में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 3 कर्मचारियों को मार्च माह 2025 के लिए मिला “मैन ऑफ़ द मंथ” का अवार्ड

चित्तरंजन,08.04.2025;

चिरेका में निरंतर सेवारत लगनशील बेहतर प्रदर्शन करने वाले 3 कर्मचारियों (1) श्री अनूप महतो,सीनियर सेक्शन इंजीनियर, ELS-19/विद्युत् विभाग (2) श्री तपन साहा चौधरी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ व्हील शॉप-09,यांत्रिक विभाग (3) श्री कौस्तव दास ,तकनीशियन -1/ शॉप-26, यांत्रिक विभाग को मार्च 2025 महीने के लिए "मैन ऑफ द मंथ" अवार्ड से सम्मानित किया गया। इन सभी को श्री विजय कुमार,महाप्रबंधक के कर कमलों द्वारा आज 08 अप्रैल 2025 को प्रशासनिक भवन स्थित बैठक सभागार में यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। श्री कुमार ने इन सभी कार्य कुशल कर्मचारियों को बधाई दी और इनसभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी जिन्हें मिला यह सम्मान:-

श्री अनूप महतो; ELS-19 के परीक्षण एवं कमीशनिंग अनुभाग में कार्यरत हैं। इन्होंने गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानदंडों को बनाए रखते हुए रिकॉर्ड उत्पादन की चुनौती को स्वीकार किया तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं कड़ी मेहनत के साथ योगदान दिया। इस वर्ष उन्होंने WAG-9HH, EF-12K (ट्विन लोकोमोटिव), अमृत भारत कन्वर्जन लोकोमोटिव (पुश पुल टेक्नोलॉजी) के मूल सभी समस्या का निवारण(troubleshooting) सफलतापूर्वक किया है।

श्री तपन साहा चौधरी ने मार्च, 2025 के महीने में व्हील शॉप में 71 लोको व्हील सेट तथा वर्ष 2024-25 के लिए सीएलडब्ल्यू के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक उत्पादन 701 लोको व्हील सेट के उत्पादन आंकड़ा को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ये व्हील शॉप के व्हील सेट के उत्पादन से संबंधित समग्र कार्य की निगरानी करते हैं। इन्होंने उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न आरडीएसओ(RDSO) एसएमआई(SMIs) के अनुपालन तथा व्हील सेट से संबंधित सुरक्षा और गुणवत्ता के साथ उत्पादन को बनाए रखने से संबंधित सौंपे गए सभी कार्य पूरे किए हैं।

श्री कौस्तव दास, तकनीशियन -1,शॉप नं. 26, उच्चतम गुणवत्ता वाली ध्वनि (sound) वेल्डिंग के साथ अंतिम उन्नत शेल उत्पादन के वेल्डिंग कार्य में इनका प्रमुख योगदान है। इन्होंने सेंटर पिवट, कंप्रेसर लेग्स पर कुछ विशेष महत्वपूर्ण वेल्डिंग कार्य किए हैं और ये ओवरहेड वेल्डिंग में विशेषज्ञ हैं। वेल्डिंग कार्य के समय वे हमेशा वेल्डिंग विनिर्देश और मानक का नियमतः पालन करते हैं।